**गेल (इंडिया) लिमिटेड**

(*भारत सरकार का उपक्रम*)

**गेल भवन, 16, भीकाएजी कामा प्लेस,**
**नई दिल्ली - 110 066. फोन: 011-26172580**
**ईमेल: career@gail.co.in**
**निगमित पहचान संख्या: L40200DL1984GOI018976**

**<u>कार्यपालक वर्ग में विभिन्न क्षेत्रों में कॅरियर के अवसर</u>**

गेल (इंडिया) लिमिटेड, सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न तथा भारत की अग्रणी प्राकृतिक गैस कंपनी है जो प्राकृतिक गैस मूल्य श्रृंखला (अन्वेषण एवं उत्पादन, प्रोसेसिंग, संचरण, वितरण एवं विपणन सहित) के समस्त पहलुओं तथा इससे संबंधित सेवाओं को एकीकृत कर रही है । गेल तेज़ी से बदलते व्यापारिक परिवेश में स्वच्छ ईंधन द्वारा औद्योगीकरण के नए युग के प्रवर्तक और एक स्वच्छ ऊर्जा कॉरिडोर चतुर्भुज का सृजक है जो भारत के बड़े उपभोक्ता केंद्रों को प्रमुख गैस क्षेत्रों, एलएनजी टर्मिनलों तथा सीमापारीय अन्य गैस स्रोतों से जोड़ता है । गेल अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अपनी अजेय उपस्थिति के लिए अपने कारोबार में विस्तार भी कर रहा है ।

गेल (इंडिया) लिमिटेड नीचे दर्शाई गई तालिका - 1 में प्रत्येक पद के लिए निर्दिष्ट श्रेणीवार रिक्तियों (बैकलॉग रिक्तियों सहित) के अनुसार निम्नलिखित पदों को भरने के लिए पात्रता मानदंड को पूरा करने वाले भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है :-

**तालिका -I**

| # | पद का नाम | ग्रेड | अनारक्षित | ई. डब्ल्यू. एस. | ओ.बी.सी. (एन. सी. एल.) | अ.जा | अ.ज. जा. | कुल | निम्नवर्णित श्रेणियों में पी.डब्ल्यू.बी.डी. द्वारा धारण योग्य यथा उपयुक्त चिन्हित पद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **मुख्य प्रबंधक (रिन्यूएबल एनर्जी)** | ई-5 | 2 | 1 | 1 | 1 | - | 5 | a) बी, एलवी<br>b) डी, एचएच<br>c) ओए, ओएल, डीडब्ल्यू, एएवी, सीपी, एलसी<br>d) एएसडी (एम), एसएलडी, एमआई |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | e) एमडी उपर्युक्त (b) से (d) में शामिल |
| 2 | **वरिष्ठ इंजीनियर (रिन्यूएबल एनर्जी)** | ई-2 | 8 | 1 | 3 | 2 | 1 | 15 | a) बी, एलवी<br>b) डी, एचएच<br>c) ओए, ओएल, डीडब्ल्यू, एएवी, सीपी, एलसी<br>d) एएसडी (एम), एसएलडी, एमआई<br>e) एमडी उपर्युक्त (a) से (d) में शामिल |
| 3 | **वरिष्ठ इंजीनियर (केमिकल)** | ई-2 | 4 | 2 | 3 | 3 | 1 | 13 | a) बी, एलवी<br>b) एचएच<br>c) ओए, ओएल, डीडब्ल्यू, एएवी<br>d) एएसडी (एम), एसएलडी, एमआई<br>e) एमडी उपर्युक्त (a) से (d) में शामिल |
| 4 | **वरिष्ठ इंजीनियर (मैकेनिकल)** | ई-2 | 23 | 5 | 13 | 9 | 3 | 53 | b) डी, एचएच<br>c) ओए, ओएल, डीडब्ल्यू, एएवी<br>d) एसएलडी, एमआई<br>e) एमडी उपर्युक्त (b) से (d) में शामिल |
| 5 | **वरिष्ठ इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल)** | ई-2 | 15 | 2 | 6 | 4 | 1 | 28 | b) डी, एचएच<br>c) ओएल, डीडब्ल्यू, एएवी<br>d) एएसडी (एम), एसएलडी, एमआई<br>e) एमडी उपर्युक्त (b) से (d) में शामिल |
| 6 | **वरिष्ठ इंजीनियर** | ई-2 | 7 | 1 | 2 | 4 | - | 14 | b) डी, एचएच |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **(इंस्ट्रूमेंटेशन)** | | | | | | | | c) ओएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी<br>d) एएसडी (एम), एसएलडी, एमआई<br>e) एमडी उपर्युक्त (b) से (d) में शामिल |
| 7 | **वरिष्ठ इंजीनियर (गेलटेल टीसी/टीएम)** | ई-2 | 2 | - | - | - | 1 | 3 | c)ओए, ओएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी<br>d)एसएलडी, एमआई<br>e) एमडी उपर्युक्त (c) से (d) में शामिल |
| 8 | **वरिष्ठ इंजीनियर (मेटलर्जी)** | ई-2 | 4 | - | 1 | - | - | 5 | b) डी, एचएच<br>c) ओए, ओएल, डीडब्ल्यू, एएवी<br>d) एसएलडी, एमआई<br>e) एमडी उपर्युक्त (b) से (d) में शामिल |
| 9 | **वरिष्ठ अधिकारी (अग्नि एवं संरक्षा)** | ई-2 | 11 | 2 | 7 | 4 | 1 | 25 | -- |
| 10 | **वरिष्ठ अधिकारी (संविदा एवं प्रापण)** | ई-2 | 14 | 3 | 8 | 5 | 2 | 32 | a) एलवी<br>b) डी, एचएच<br>c) ओए, बीए, ओएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी<br>d) एसएलडी<br>e) एमडी उपर्युक्त (a) से (d) में शामिल |
| 11 | **वरिष्ठ अधिकारी (विपणन)** | ई-2 | 11 | 2 | 5 | 3 | 2 | 23 | a) बी, एलवी<br>b) डी, एचएच<br>c)ओए, बीए, ओएल, बीएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी<br>d) एसएलडी, एमआई |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | e) एमडी उपर्युक्त (a) से (d) में शामिल |
| 12 | **वरिष्ठ अधिकारी (वित्त एवं लेखा)** | ई-2 | 10 | 2 | 6 | 3 | 2 | 23 | a) बी, एलवी<br>b) डी, एचएच<br>c) ओए, बीए, ओएल, बीएल, ओएएल, बीएलओए, बीएलए, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी<br>e) एमडी उपर्युक्त (a) से (c) में शामिल |
| 13 | **वरिष्ठ अधिकारी (मानव संसाधन)** | ई-2 | 12 | 2 | 6 | 3 | 1 | 24 | a) बी, एलवी<br>b) डी, एचएच<br>c) ओए, बीए, ओएल, ओएएल, बीएल, सीपी, डीडब्ल्यू, एएवी, एमडीवाई,<br>d) एएसडी, एसएलडी, एमआई<br>e) एमडी उपर्युक्त (a) से (d) में शामिल |
| 14 | **अधिकारी (सुरक्षा)** | ई-1 | 7 | 1 | 3 | 2 | 1 | 14 | c) ओएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी<br>d) एसएलडी<br>e) एमडी उपर्युक्त (c) से (d) में शामिल |
| | **कुल** | | **130** | **24** | **64** | **43** | **16** | **277** | |

उपर्युक्त **277** रिक्तियों में से बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी) के लिए आरक्षित **12** रिक्तियों की श्रेणीवार और पदवार विवरण नीचे दिए गए हैं :

| # | पद का नाम | तालिका -I के अनुसार बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्तियों (पी.डब्ल्यू.बी.डी.) की पहचान की गई श्रेणियों हेतु आरक्षित | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | **श्रेणी (ए)** | **श्रेणी (बी)** | **श्रेणी (सी)** | **श्रेणी (डी) एवं (ई)** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **वरिष्ठ इंजीनियर (केमिकल)** | 1 | - | - | - |
| 2 | **वरिष्ठ इंजीनियर (मैकेनिकल)** | - | - | 1 | - |
| 3 | **वरिष्ठ इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल)** | - | - | 1 | 1 |
| 4 | **वरिष्ठ इंजीनियर (इंस्ट्रूमेंटेशन)** | - | - | 1 | - |
| 5 | **वरिष्ठ अधिकारी (संविदा एवं प्रापण)** | 1 | 1 | - | - |
| 6 | **वरिष्ठ अधिकारी (विपणन)** | - | - | - | 1 |
| 7 | **वरिष्ठ अधिकारी (वित्त एवं लेखा)** | 1 | 1 | - | - |
| 8 | **वरिष्ठ अधिकारी (मानव संसाधन )** | - | 1 | - | - |
| 9 | **अधिकारी (सुरक्षा)** | - | - | 1 | - |
| | **कुल** | 3 | 3 | 4 | 2 |

**<u>प्रयुक्त संक्षिप्तियां</u>**

| **संक्षिप्तियां** | **स्पष्टीकरण** |
|---|---|
| पीडब्ल्यूबीडी **(PwBD)** | बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति **(Persons with Benchmark Disability** |
| बी **(B)** | नेत्रहीन **(Blind)** |
| एलवी **(LV)** | अल्प दृष्टि **(Low vision)** |
| डी **(D)** | बधिर **(Deaf)** |
| एचएच **(HH)** | श्रवण समस्या **(Hard of Hearing)** |
| ओए**(OA)** | एक हाथ **(One Arm)** |
| ओएल **(OL)** | एक पैर **(One Leg)** |
| बीए **(BA)** | दोनों हाथ **(Both Arms)** |
| बीएल**(BL)** | दोनों पैर **(Both Legs)** |
| ओएएल **(OAL)** | एक हाथ तथा एक पैर **(One Arm and One Leg)** |
| बीएलओए **(BLOA)** | दोनों पैर तथा एक हाथ **(Both Legs and One Arm)** |
| बीएलए **(BLA)** | दोनों पैर-हाथ **(Both Legs Arms)** |
| सीपी**(CP)** | सेरेब्रल पाल्सी **(Cerebral Palsy)** |

| | |
|---|---|
| एलसी (LC) | लेप्रोसी क्योर्ड (Leprosy Cured) |
| डीडब्ल्यू (Dw) | बौनापन (Dwarfism) |
| एएवी (AAV) | एसिड हमले से पीड़ित (Acid Attack Victims) |
| एमडीवाई (MDy) | मसकुलर डिस्ट्रॉफी (Muscular Dystrophy) |
| एएसडी (ASD) | ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिस्ऑर्डर (Autism Spectrum Disorder)<br>एम = माइल्ड, एमओडी = मोडरेट (M = Mild, MoD = Moderate) |
| एसएलडी (SLD) | विशिष्ट लर्निंग दिव्यांगता (Specific Learning Disability) |
| एमआई (MI) | मानसिक बीमारी (Mental Illness) |
| एमडी (MD) | विविध दिव्यांगता (Multiple Disability) |
| एनसीएल (NCL) | नॉन क्रीमी लेयर (Non Creamy Layer) |
| एफ एंड एस (F&S) | अग्नि एवं संरक्षा (Fire & Safety) |
| सी एंड पी (C&P) | संविदा एवं प्रापण (Contract & Procurement) |
| एफ एंड ए (F&A) | वित्त एवं लेखा (Finance & Accounts) |
| मा.सं. (HR) | मानव संसाधन (Human Resources) |
| टीसी/टीएम (TC/TM) | टेलीकॉम/टेलीमेट्री (Telecom / Telemetry) |

बेंचमार्क दिव्यांग श्रेणी/श्रेणियों के व्यक्ति जिनके लिए पद निर्धारित (उपर्युक्त **तालिका-1** में यथा निर्दिष्ट) किए गए हैं**,** वे भी आवेदन कर सकते हैं**,** यद्यपि उनके लिए कोई रिक्ति विशेष रूप से आरक्षित नहीं है । ऐसे उम्मीदवारों की उस पद पर नियुक्ति के लिए चयन हेतु योग्यता के सामान्य मानकों के अनुरूप विचार किया जाएगा ।

उनके लिए विशेष रूप से आरक्षित रिक्ति हेतु संबंधित श्रेणी में आवेदन करने वाले पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के उम्मीदवार आरक्षण/रियायत के लिए पात्र होंगे, बशर्ते कि संबंधित दिव्यांगता 40% से कम नहीं हो ।

1. **न्यूनतम आवश्यक योग्यता(एं), उपर्युक्त पदों के लिए न्यूनतम आवश्यक अनुभव और ऊपरी आयु सीमा नीचे तालिका- II में दी गई है:**

**तालिका -II**

| # | पद/ग्रेड/वेतनमान एवं आयु सीमा | आवश्यक योग्यता(एं) | न्यूनतम आवश्यक अनुभव |
|---|---|---|---|

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | **पद : मुख्य प्रबंधक (रिन्यूएबल एनर्जी)**<br>**ग्रेड : ई -5**<br>**वेतनमान : रु.90,000 -2,40,000/-**<br>**ऊपरी आयु सीम: 40 वर्ष** | न्यूनतम 65% अंकों के साथ इलेक्ट्रिकल/मैकेनिकल/ इंस्ट्रूमेंटेशन/ इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल/ इलेक्ट्रिकल एंड इंस्ट्रूमेंटेशन/केमिकल इंजीनियरिंग में बैचलर डिग्री। | राज्य/ केन्द्रीय सरकार के विभाग(गों)/संस्थान(नों)/उपक्रम(मों) और/अथवा प्रतिष्ठित निजी क्षेत्र के बड़े संगठन(नों)/संस्थान(नों)/कंपनी(यों) में पवन/सौर/हाइड्रोजन के क्षेत्र में रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में उस संगठन के कार्मिक के रूप में न्यूनतम **12 (बारह)** वर्षों का योग्यता पश्चात कार्यपालक अनुभव (जीईटी/ ईटी / एमटी के रूप में अनुभव सहित)।<br><br>सरकारी / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में काम करने वाले उम्मीदवारों को अगले निचले वेतनमान या अगले निचले समकक्ष वेतनमान में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए। |
| 2 | **पद: वरिष्ठ इंजीनियर (रिन्यूएबल एनर्जी)**<br>**ग्रेड : ई-2**<br>**वेतनमान : रु.60,000 -1,80,000/-**<br>**ऊपरी आयु सीमा: 28 वर्ष** | न्यूनतम 65% अंकों के साथ इलेक्ट्रिकल/मैकेनिकल/ इंस्ट्रूमेंटेशन/ इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल/ इलेक्ट्रिकल एंड इंस्ट्रूमेंटेशन/केमिकल इंजीनियरिंग में बैचलर डिग्री। | राज्य/ केन्द्रीय सरकार के विभाग(गों)/संस्थान(नों)/उपक्रम(मों) और/अथवा प्रतिष्ठित निजी क्षेत्र के बड़े संगठन(नों)/संस्थान(नों)/कंपनी(यों) में पवन/सौर/हाइड्रोजन के क्षेत्र में रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में उस संगठन के कार्मिक के रूप में न्यूनतम **1 (एक)** वर्ष का योग्यता पश्चात कार्यपालक अनुभव (जीईटी/ ईटी / एमटी के रूप में अनुभव सहित)। |
| 3 | **पद: वरिष्ठ इंजीनियर (केमिकल)**<br>**ग्रेड : ई-2**<br>**वेतनमान : रु.60,000 -1,80,000/-**<br>**ऊपरी आयु सीमा: 28 वर्ष** | न्यूनतम 65% अंकों के साथ केमिकल/पेट्रोकेमिकल/ केमिकल टेक्नोलॉजी/ पेट्रोकेमिकल टेक्नोलॉजी/ केमिकल टेक्नोलॉजी एंड पॉलीमर साइंस/केमिकल टेक्नोलॉजी एंड प्लास्टिक टेक्नोलॉजी में इंजीनियरिंग में बैचलर डिग्री। | राज्य/ केन्द्रीय सरकार के उपक्रम(मों) और/अथवा प्रतिष्ठित बड़े निजी क्षेत्र के संगठन(नों) के केवल पेट्रोकेमिकल प्लांट / हाइड्रोकार्बन रिफाइनरी / फर्टिलाइजर प्लांट में उस प्लांट/ उपक्रम/ संगठन में परियोजना प्रारंभन/ अनुरक्षण में उस संगठन के कार्मिक के रूप में न्यूनतम **01 (एक)** वर्ष का योग्यता पश्चात कार्यपालक अनुभव (जीईटी/ ईटी / एमटी के रूप में अनुभव सहित)। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | **पद: वरिष्ठ इंजीनियर (मैकेनिकल)**<br>**ग्रेड : ई 2**<br>**वेतनमान :**<br>**रु.60,000 -1,80,000/-**<br>**ऊपरी आयु सीमा: 28 वर्ष** | न्यूनतम 65% अंकों के साथ मैकेनिकल/ उत्पादन/ उत्पादन एवं औद्योगिक/ निर्माण/ मैकेनिकल एंड ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग में बैचलर डिग्री। | राज्य/ केन्द्रीय सरकार के उपक्रम(मों) और/ अथवा प्रतिष्ठित बड़े निजी क्षेत्र के संगठन(नों) के पेट्रोकेमिकल प्लांट/ हाइड्रोकार्बन रिफाइनरी/ फर्टिलाइजर प्लांट का परियोजना प्रारंभन/अनुरक्षण अथवा तेल और गैस की देशव्यापी पाइपलाइन/ शहर गैस वितरण नेटवर्क (सीजीडी) के निर्माण/प्रारंभन/ प्रचालन और अनुरक्षण का उस प्लांट/ उपक्रम/ संगठन के कार्मिक के रूप में न्यूनतम **01 (एक)** वर्ष का योग्यता पश्चात कार्यपालक अनुभव (जीईटी/ ईटी / एमटी के रूप में अनुभव सहित)। |
| 5 | **पद: वरिष्ठ इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल)**<br>**ग्रेड : ई-2**<br>**वेतनमान :**<br>**रु.60,000 -1,80,000/-**<br>**ऊपरी आयु सीमा: 28 वर्ष** | न्यूनतम 65% अंकों के साथ इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रोनिक्स इंजीनियरिंग में बैचलर डिग्री। | राज्य/ केन्द्रीय सरकार के उपक्रम(मों) और/ अथवा प्रतिष्ठित बड़े निजी क्षेत्र के संगठन(नों) के पेट्रोकेमिकल प्लांट/ हाइड्रोकार्बन रिफाइनरी/ फर्टिलाइजर प्लांट का परियोजना प्रारंभन/अनुरक्षण अथवा तेल और गैस की देशव्यापी पाइपलाइन/ शहर गैस वितरण नेटवर्क (सीजीडी) के निर्माण/प्रारंभन/ प्रचालन और अनुरक्षण का उस प्लांट/ उपक्रम/ संगठन के कार्मिक के रूप में न्यूनतम **01 (एक)** वर्ष का योग्यता पश्चात कार्यपालक अनुभव (जीईटी/ ईटी / एमटी के रूप में अनुभव सहित)। |
| 6 | **पद: वरिष्ठ इंजीनियर (इंस्ट्रूमेंटेशन)**<br>**ग्रेड : ई-2**<br>**वेतनमान :**<br>**रु.60,000 -1,80,000/-**<br>**ऊपरी आयु सीमा: 28 वर्ष** | न्यूनतम 65% अंकों के साथ इंस्ट्रूमेंटेशन/ इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल/ इलेक्ट्रोनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंटेशन/ इलेक्ट्रिकल एंड इंस्ट्रूमेंटेशन/ इलेक्ट्रोनिक्स/ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रोनिक्स इंजीनियरिंग में बैचलर डिग्री । | राज्य/ केन्द्रीय सरकार के उपक्रम(मों) और/ अथवा प्रतिष्ठित बड़े निजी क्षेत्र के संगठन(नों) के पेट्रोकेमिकल प्लांट/ हाइड्रोकार्बन रिफाइनरी/ फर्टिलाइजर प्लांट में उस प्लांट/ उपक्रम/ संगठन में परियोजना प्रारंभन/अनुरक्षण अथवा तेल और गैस की देशव्यापी पाइपलाइन/ शहर गैस वितरण नेटवर्क (सीजीडी) के निर्माण/प्रारंभन/ प्रचालन और अनुरक्षण का उस संगठन के कार्मिक के रूप में न्यूनतम **01 (एक)** वर्ष |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | का योग्यता पश्चात कार्यपालक अनुभव (जीईटी/ ईटी / एमटी के रूप में अनुभव सहित)। |
| 7 | **पद: वरिष्ठ इंजीनियर (गेलटेल टीसी/टीएम)**<br>**ग्रेड: ई-2**<br>**वेतनमान :**<br>**रु.60,000 -1,80,000/-**<br>**ऊपरी आयु सीमा: 28 वर्ष** | न्यूनतम 65% अंकों के साथ इलेक्ट्रोनिक्स / इलेक्ट्रोनिक्स एंड कम्यूनिकेशन/ इलेक्ट्रोनिक्स एंड टेलीकम्यूनिकेशन/ टेलीकम्यूनिकेशन/ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रोनिक्स / इलेक्ट्रिकल एंड टेलीकम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग में बैचलर डिग्री। | राज्य/ केन्द्रीय सरकार के विभाग(गों)/ संगठन(नों)/ उपक्रम(मों) और/ अथवा प्रतिष्ठित बड़े निजी क्षेत्र के संगठन(नों)/ संस्थान(नों)/कंपनी(यों) में टेलीकॉम/ टेलीमेट्री में उस संगठन के कार्मिक के रूप में न्यूनतम **01 (एक)** वर्ष का योग्यता पश्चात कार्यपालक अनुभव (जीईटी/ ईटी / एमटी के रूप में अनुभव सहित)। |
| 8 | **पद: वरिष्ठ इंजीनियर (मेटलर्जी)**<br>**ग्रेड: ई-2**<br>**वेतनमान:**<br>**रु.60,000- 1,80,000/-**<br>**ऊपरी आयु सीमा: 28 वर्ष** | न्यूनतम 65% अंकों के साथ मेटलर्जी/मेटलर्जी एवं मटेरियल्स इंजीनियरिंग में बैचलर डिग्री । | राज्य/ केन्द्रीय सरकार के उपक्रम(मों)/ अथवा प्रतिष्ठित बड़े निजी क्षेत्र के संगठन(नों) के मेटलर्जी/मेटलर्जी एंड मटेरियल टेस्टिंग/इन-सीटू मेटलोग्राफी एवं स्थायी उपकरण के डैमेज मेकानिज्म में पेट्रोकेमिकल संयंत्र/हाइड्रोकार्बन रिफाइनरी/फर्टिलाइजर प्लांट/ऑयल एवं गैस क्रॉस कंट्री पाइपलाइन में उस संयंत्र/ उपक्रम/ संगठन के कार्मिक के रूप में न्यूनतम **01 (एक)** वर्ष का योग्यता पश्चात कार्यपालक अनुभव (जीईटी/ ईटी / एमटी के रूप में अनुभव सहित)। |
| 9 | **पद: वरिष्ठ अधिकारी (अग्नि एवं संरक्षा)**<br>**ग्रेड: ई-2**<br>**वेतनमान :**<br>**रु.60,000 -1,80,000/-**<br>**ऊपरी आयु सीमा: 28 वर्ष** | न्यूनतम 60% अंकों के साथ अग्नि/अग्नि एवं संरक्षा में इंजीनियरिंग में बैचलर डिग्री।<br>सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त केंद्रीय / क्षेत्रीय श्रम संस्थान से औद्योगिक सुरक्षा में एक वर्ष का डिप्लोमा प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी। | राज्य/ केन्द्रीय सरकार के विभाग(गों)/ संगठन(नों)/ उपक्रम(मों) और/ अथवा प्रतिष्ठित बड़े निजी क्षेत्र के संगठन(नों)/ संस्थान(नों)/कंपनी(यों) में अग्नि एवं संरक्षा के क्षेत्र में उस संगठन के कार्मिक के रूप में न्यूनतम **01 (एक)** वर्ष का योग्यता पश्चात कार्यपालक अनुभव (जीईटी/ ईटी / एमटी के रूप में अनुभव सहित)। |
| 10 | **पद: वरिष्ठ अधिकारी (संविदा एवं प्रापण)**<br>**ग्रेड: ई-2**<br>**वेतनमान :** | न्यूनतम 65% अंकों के साथ केमिकल/मैकेनिकल /इलेक्ट्रिल/ इंस्ट्रूमेंटेशन/आईटी/कम्प्यूटर साइंस/इलेक्ट्रोनिक्स/मेटलर्जी/ | राज्य/ केन्द्रीय सरकार के विभाग(गों)/ संगठन(नों)/ उपक्रम(मों) और/ अथवा प्रतिष्ठित बड़े निजी क्षेत्र के संगठन(नों)/ संस्थान(नों)/कंपनी(यों) में संविदा एवं |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **रु.60,000 -1,80,000/-**<br>**ऊपरी आयु सीमा: 28 वर्ष** | सिविल/टेलीकम्यूनिकेशन में इंजीनियरिंग में बैचलर डिग्री।<br>मेटेरियल मैनेजमेंट में विशेषज्ञता सहित एमबीए धारक अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी। | प्रापण/सामग्री प्रबंधन / भंडार एवं क्रय विभाग में न्यूनतम **01 (एक)** वर्ष का योग्यता पश्चात कार्यपालक अनुभव (जीईटी/ ईटी / एमटी के रूप में अनुभव सहित)। |
| **11** | **पद: वरिष्ठ अधिकारी (विपणन)**<br>**ग्रेड : ई-2**<br>**वेतनमान :**<br>**रु.60,000-1,80,000/-**<br>**ऊपरी आयु सीमा: 28 वर्ष** | न्यूनतम 65% अंकों के साथ इंजीनियरिंग में बैचलर डिग्री और न्यूनतम 65% अंकों के साथ विपणन/तेल एवं गैस/पेट्रोलियम एवं एनर्जी/एनर्जी एवं इंफ्रास्ट्रक्चर/ अंतरराष्ट्रीय व्यापार में विशेषज्ञता सहित दो वर्ष की एमबीए। | राज्य/ केन्द्रीय सरकार के विभाग(गों)/ संगठन(नों)/ उपक्रम(मों) और/ अथवा प्रतिष्ठित बड़े निजी क्षेत्र के संगठन(नों)/ संस्थान(नों)/कंपनी(यों) में विपणन संबंधी कार्यों में उस संगठन के कार्मिक के रूप में न्यूनतम **01 (एक)** वर्ष का योग्यता पश्चात कार्यपालक अनुभव (जीईटी/ ईटी / एमटी के रूप में अनुभव सहित)। |
| **12** | **पद: वरिष्ठ अधिकारी (वित्त एवं लेखा)**<br>**ग्रेड : ई-2**<br>**वेतनमान :**<br>**60,000 -1,80,000/- रुपए**<br>**ऊपरी आयु सीमा: 28 वर्ष** | सीए/सीएमए(आईसीडब्ल्यूए)<br><br>**अथवा** न्यूनतम **60%** अंको के साथ बी.कॉम एवं वित्त में विशेषज्ञता के साथ न्यूनतम **65%** अंकों के साथ दो वर्षीय एमबीए।<br><br>**अथवा** न्यूनतम **60%** अंकों सहित अर्थशास्त्र में ऑनर्स के साथ स्नातक (बी.ए.) एवं वित्त में विशेषज्ञता के साथ न्यूनतम **65%** अंकों के साथ दो वर्षीय एमबीए।<br><br>**अथवा** न्यूनतम **60%** अंकों सहित मैथ्स में ऑनर्स के साथ स्नातक (बी.ए./बी.एससी.) एवं वित्त में विशेषज्ञता के साथ न्यूनतम **65%** अंकों के साथ दो वर्षीय एमबीए।<br><br>**अथवा** न्यूनतम **60%** अंकों सहित सांख्यिकी में ऑनर्स के साथ स्नातक | राज्य / केंद्र सरकार के विभाग(गों) / संगठन(नों)/उपक्रम(मों) अथवा निजी क्षेत्र के बड़े संगठन (नों)/ संस्थान (नों)/कंपनी(यों) के कार्मिक के रूप में वित्त / लेखा विभाग में कार्यपालक के रूप में योग्यता पश्चात न्यूनतम **01 (एक)** वर्ष का कार्यपालक के रूप में अनुभव (जीईटी/ईटी/एमटी के रूप में अनुभव सहित) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | (बी.ए./बी. एससी.) एवं वित्त में विशेषज्ञता के साथ न्यूनतम **65%** अंकों के साथ दो वर्षीय एमबीए।<br><br>**अथवा** न्यूनतम **60%** अंकों सहित इंजीनियरिंग अर्थात बी.ई./बी.टेक. में स्नातक एवं वित्त में विशेषज्ञता के साथ न्यूनतम **65%** अंकों के साथ दो वर्षीय एमबीए।<br><br>वित्त में विशेषज्ञता के साथ दो वर्षीय एमबीए वाले उन उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी जिनके पास वाणिज्य में स्नातक डिग्री की अतिरिक्त योग्यता है ।<br><br>सीए / सीएमए योग्यता रखने वाले अभ्यर्थियों के पास आईसीएआई / आईसीएमएआई की एसोसिएट सदस्यता होनी चाहिए। | |
| 13 | **पद: वरिष्ठ अधिकारी (मानव संसाधन)**<br>**ग्रेड : ई-2**<br>**वेतनमान : रु.60,000 -1,80,000/-**<br>**ऊपरी आयु सीमा: 28 वर्ष** | न्यूनतम 60% अंकों के साथ बैचलर डिग्री और न्यूनतम 65% अंकों के साथ कार्मिक प्रबंधन एवं औद्योगिक संबंध/मानव संसाधन में विशेषज्ञता सहित दो वर्ष की एमबीए/एमएसडब्ल्यू ।<br><br>अथवा न्यूनतम 60% अंकों के साथ बैचलर डिग्री और न्यूनतम 65% अंकों के साथ कार्मिक प्रबंधन /कार्मिक प्रबंधन एवं औद्योगिक संबंध में दो वर्ष की मास्टर्स डिग्री/दो वर्ष का पीजी डिप्लोमा । | राज्य/ केन्द्रीय सरकार के विभाग(गों)/ संगठन(नों)/ उपक्रम(मों) और/ अथवा प्रतिष्ठित बड़े निजी क्षेत्र के संगठन(नों)/ संस्थान(नों)/कंपनी(यों) में उस संगठन के कार्मिक के रूप में विभिन्न मा.सं. संबंधी कार्यों में न्यूनतम **01 (एक)** वर्ष का योग्यता पश्चात कार्यपालक अनुभव (जीईटी/ ईटी / एमटी के रूप में अनुभव सहित)। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | विधि (व्यावसायिक) में स्नातक डिग्री की अतिरिक्त योग्यता प्राप्त अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी। | |
| 14 | **पद: अधिकारी (सुरक्षा) ग्रेड : ई-1**<br>**वेतनमान :**<br>**रु.50,000- 1,60,000/-**<br>**ऊपरी आयु सीमा: 45 वर्ष** | न्यूनतम 60% अंकों के साथ न्यूनतम 3 वर्ष की बैचलर डिग्री ।<br><br>औद्योगिक सुरक्षा में डिप्लोमा धारक अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी। | केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल संगठनों (असम राइफल्स, सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, बीएसफ, आईटीबीपी, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड, सशस्त्र सीमा बल) में इंस्पेक्टर के रूप में न्यूनतम **03 (तीन) वर्ष** का योग्यता पश्चात अनुभव। सुरक्षा संस्थापनों और फायरफाइटिंग/ प्राथमिक उपचार में अनुभव को वरीयता दी जाएगी । |

**2. <u>अनिवार्य योग्यता और अनिवार्य अनुभव के संबंध में नियम एवं शर्तें</u> *[तालिका-II में संबंधित कॉलम के तहत उल्लिखित अनुसार]***

2.1 प्रत्येक पद के लिए अपेक्षित न्यूनतम अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता(एं) प्रत्येक पद के सामने **तालिका-II** में दर्शाए गए अनुसार होगी।

2.2 केवल पूर्णकालिक नियमित पाठ्यक्रमों **(सीए/सीएमए अर्हता के अलावा)** पर ही विचार किया जाएगा।

2.3 सभी योग्यताएं यूजीसी द्वारा मान्यता-प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय/ यूजीसी द्वारा मान्यता-प्राप्त भारतीय मानित विश्वविद्यालय या एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रम स्वायत्त भारतीय संस्थानों/ संबंधित सांविधिक परिषद (जहां भी लागू हों) से होनी चाहिए। **इंजीनियरिंग योग्यता में डिप्लोमा** (यदि लागू हो) संबंधित राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त होना चाहिए।

2.4 अनिवार्य अर्हता(एं) में अंकों के न्यूनतम प्रतिशत पर विचार वैसे ही किया जाएगा, जैसा कि संस्थान/ विश्वविद्यालय के नियमों/ मानदंडों के अनुसार विनिर्दिष्ट किया गया है।

2.5 जहां-कहीं भी सीजीपीए/ ओजीपीए/ सीपीआई या किसी डिग्री में लेटर ग्रेड प्रदान किया जाता है, वहां विश्वविद्यालय/ संस्थानों द्वारा अपनाए गए मानदंडों के अनुसार आवेदन में अंकों के समकक्ष प्रतिशत को दर्शाया जाना चाहिए। अभ्यर्थी को विश्वविद्यालय/ संस्थान से इस आशय का एक प्रमाण-पत्र प्राप्त करना आवश्यक है जो समूह चर्चा और/ या साक्षात्कार के समय आवश्यक होगा।

2.6 इंजीनियरिंग डिग्री बी.ई./ बी.टेक/ बी.एससी. इंजी. हो सकती है।

2.7 जिन अभ्यर्थियों के पास संगत अनुशासन में इंजीनियरिंग में 05 वर्षीय बी.ई/ बी.टैक. + एमई/ एम.टेक. एकीकृत दोहरी डिग्री है, उनकी उम्मीदवारी पर भी विचार किया जाएगा।

2.8 जिन अभ्यर्थियों के पास संबंधित क्षेत्र में 05 वर्षीय बीई/ बीटेक + एमई/ एम. टेक की इंजीनियरिंग एकीकृत दोहरी डिग्री और विपणन / तेल और गैस / पेट्रोलियम और ऊर्जा / ऊर्जा और इंफ्रास्ट्रक्चर / अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में 02 वर्षीय एमबीए के साथ विशेषज्ञता है वरिष्ठ अधिकारी (विपणन) के पद के लिए उन पर भी विचार किया जाएगा।

2.9 जहां कहीं भी एमबीए की आवश्यकता के रूप में उल्लेख किया गया है, वहां एमबीए के अलावा जिन्होंने संबंधित क्षेत्र

में विशेषज्ञता के साथ प्रबंधन में दो वर्ष का पोस्ट ग्रेज्युएट डिप्लोमा / एमएमएस किया है, तो उन पर भी विचार किया जाएगा।

2.10 जहां एमबीए / पीजी डिप्लोमा इन मैनेजमेंट / एमएमएस संबंधी योग्यता दोहरी विशेषज्ञता के साथ है, वहां एक विशेषज्ञता को अनिवार्य रूप से विज्ञापित पद के कार्य से संबंधित होनी चाहिए ।

2.11 राज्य / केंद्र सरकार / विभाग (गों) / संगठन (नों) / उपक्रम (मों) तथा / या बृहद संगठन (नों) / संस्थान (नों) / कंपनी (यों) / सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम / निजी क्षेत्र के बृहद उद्यम / बृहद अस्पतालों में संबंधित क्षेत्र में शैक्षणिक योग्यता पश्चात न्यूनतम अनिवार्य योग्यता अनुभव दिनांक 02.02.2023 के अनुसार होना चाहिए।

2.12 राज्य/केन्द्र सरकार के विभाग(गों)/संगठन(नों)/उपक्रम(मों) तथा/या निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित बड़े संगठन(नों)/संस्थान(नों)/कंपनी(यों) से संबंधित उद्योग में पद हेतु यथा निर्धारित अभ्यर्थियों के अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण की अविध (अप्रेंटिसशिप अधिनियम 1961 के अनुसार) अपेक्षित योग्यता पश्चात न्यूनतम अनिवार्य अनुभव के मानदंड की तुलना में अनुभव के रूप में माना जाएगा बशर्ते कि नियम और शर्तों के अनुरूप अन्य सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करता हो । अभ्यर्थी को प्राप्त अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण के प्रमाण में सांविधिक निकाय और संगठन दोनों के द्वारा जारी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। पाठ्यक्रम के भाग के रूप में प्राप्त औद्योगिक/व्यावसायिक/आर्टिकलशिप प्रशिक्षण को न्यूनतम अनिवार्य अनुभव के मानदंड हेतु नहीं माना जाएगा।

2.13 बृहदाकार निजी क्षेत्र के संगठन / संस्थान / प्रतिष्ठित कंपनी में सूचीबद्ध कंपनियां शामिल होंगी (इससे अभिप्रेत है और शामिल है वे कंपनियां जो एनएसई में सूचीबद्ध हैं या बीएसई की समूह क एवं ख में शामिल हैं) या संगठन / संस्थान जिनमें पिछ्ले वित्त वर्ष में 500 से अधिक कर्मचारी कार्यरत थे या पिछ्ले वित्त वर्ष में सकल कारोबार 250 करोड़ रुपये से अधिक रहा था।

2.14 अभ्यर्थी जिन्हें पैनलबद्ध एजेंसी / ठेकेदारों द्वारा ठेके पर कार्य करने का अनुभव है (अर्थात् जिन्हें परियोजना / निर्माण / ओ एंड एम या अन्य गतिविधियों में कार्य करने हेतु अन्य एजेंसी / संगठन द्वारा ठेके के आधार पर तैनात किया गया हो) उन पर विचार नहीं किया जाएगा। केवल किसी संस्था में नियत समय आधार नियोजन सहित सीधे कार्य करने के अनुभव पर ही विचार किया जाएगा ।

3. **<u>शैक्षिक योग्यता में अंकों के न्यूनतम प्रतिशत में छूट:</u>**

**अ.जा., अ.ज.जा. और पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के अभ्यर्थियों** के लिए अनिवार्य योग्यता(ओं) हेतु न्यूनतम प्रतिशत अंकों में छूट निम्नानुसार प्रदान की गई है -

3.1 जहाँ-कहीं भी न्यूनतम प्रतिशत अंकों को **65%** के रूप में निर्दिष्ट किया गया है, **वहां अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए शैक्षणिक योग्यता में छूट सहित न्यूनतम अंक 60% है।**

3.2 जहाँ कहीं भी न्यूनतम प्रतिशत अंकों को **60%** के रूप में निर्दिष्ट किया गया है, **वहां अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए शैक्षणिक योग्यता में छूट सहित न्यूनतम अंक 55% है।**

3.3 अनारक्षित पदों के खिलाफ आवेदन करने वाले **अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ पीडब्ल्यूबीडी** श्रेणी के अभ्यर्थियों को योग्यता के सामान्य मानक के तहत माना जाएगा और शिक्षा योग्यता में न्यूनतम योग्यता प्रतिशत अंकों में उन्हें

कोई छूट उपलब्ध नहीं होगी।

**4. आयु सीमा और आयु में छूट:**

4.1 दिनांक **02.02.2023** के अनुसार प्रत्येक पद हेतु ऊपरी आयु सीमा को उपर्युक्त तालिका - II में यथा निर्दिष्ट किया गया है।

नीचे **तालिका - III** में यथा उल्लिखित ऊपरी आयु सीमा में छूट केवल अ.जा/अ.ज.जा./ओबीसी(एनसीएल)/पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पदों के संबंध में लागू है ।

**तालिका - III**

| क्र.सं. | श्रेणी | आयु में लागू छूट (वर्ष में) |
|---|---|---|
| 1 | अ.जा./अ.ज.जा. | 5 |
| 2 | ओबीसी (एनसीएल) | 3 |
| 3 | पीडब्ल्यूबीडी | 10 |

4.2 ऊपरी आयु सीमा में छूट इस तथ्य के बावजूद पीडब्ल्यूबीडी के लिए लागू होगी कि क्या पद आरक्षित है या नहीं, बशर्ते कि पद को पीडब्ल्यूबीडी के लिए उपयुक्त माना गया हो। बेंचमार्क विकलांग (पीडब्ल्यूबीडी) श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए छूट और रियायतें इस संबंध में भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार होंगी।

4.3 दिनांक 01.01.1980 से 31.12.1989 के दौरान जम्मू एवं कश्मीर के अधिवासी अभ्यर्थियों के लिए भी आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी ।

4.4 अ.जा. / अ.ज.जा./ ओबीसी (एनसीएल) वाले अभ्यर्थियों अनारक्षित (यूआर) पदों के समक्ष आवेदन करने को अर्हता के सामान्य मानक के तहत माना जाएगा और उन्हें ऊपरी आयु सीमा में कोई छूट उपलब्ध नहीं होगी।

4.5 संघ के सशस्त्र बलों में कम से कम छह माह तक की सेवा करने वाले भूतपूर्व सैनिकों के मामले में, उन्हें सशस्त्र बलों में प्रदान की गई वास्तविक सेवा की अवधि को उनकी वास्तविक आयु से कम करने की अनुमति दी जाएगी और यदि शेष आयु पदों/ सेवाओं के लिए निर्धारित अधिकतम आयु सीमा से 3 वर्ष अधिक नहीं है, जिसके लिए अभ्यर्थी नियुक्ति चाहते हैं, तो उन्हें आयु सीमा के संबंध में शर्तों को पूरा करता हुआ माना जाएगा।

4.6 **आवेदक की अधिकतम ऊपरी आयु सभी संभावित आयु छूट सहित 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।**

**5. परिलब्धियां:**

5.1 चयनित अभ्यर्थियों को एक वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रखा जाएगा और वे नीचे दी गई तालिका-IV के अनुसार संबंधित वेतनमान में प्रारंभिक मूल वेतन आहरित करेंगे:

**तालिका-IV**

| ग्रेड | वेतनमान | प्रारम्भिक मूल वेतन |
|---|---|---|

| | | |
|---|---|---|
| ई -5 | रू. 90,000 - 2,40,000/- | रू. 90,000/- |
| ई-2 | रू. 60,000 - 1,80,000/- | रू. 60,000/- |
| ई-1 | रू. 50,000 - 1,60,000/- | रू. 50,000/- |

5.2 अभ्यर्थियों को अखिल भारतीय आधार पर ओपन विज्ञापन के माध्यम से ई -2 ग्रेड में वरिष्ठ अधिकारी / वरिष्ठ इंजीनियर के पद के लिए चयनित किया जाएगा तथा ई -2 ग्रेड के वेतनमान में न्यूनतम मूल वेतन के साथ ई-2 ग्रेड में उन्हें दिए गए न्यूनतम वेतनमान के अतिरिक्त लागू दर (वर्तमान में @ 3%) पर 01 अग्रिम वेतन वृद्धि प्रदान की जाएगी । अभ्यर्थी (यों) को उनके द्वारा लिए गए अंतिम वेतन की सुरक्षा के लिए तय किए गए मूल वेतन के अतिरिक्त संचयी आधार पर लागू दर पर एक अग्रिम वृद्धि प्रदान करने की सुरक्षा (बेसिक प्लस डीए) प्रदान की जाएगी । चयन समिति की सिफारिश पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा अग्रिम वेतन वृद्धि (यों) के रूप में उच्च मूल वेतन प्रदान किए गए अभ्यर्थी (यों) भी चयन समिति की अनुशंसा के आधार पर प्रस्तावित उच्च मूल वेतन के अतिरिक्त निर्धारित एक अग्रिम वेतन वृद्धि के लिए पात्र होंगे ।

5.3 वरिष्ठ अधिकारी/वरिष्ठ इंजीनियर (ई-2 ग्रेड) के पद के लिए चयनित और बीई/बीटेक की दोहरी योग्यता रखने वाले तथा 02 वर्षीय पूर्णकालिक नियमित एमबीए डिग्री (मान्यता प्राप्त) या समकक्ष (जैसे एमएमएस, पीजीडीएम, कार्मिक प्रबंधन और औद्योगिक संबंध / सामाजिक कार्य / समाज कल्याण में मास्टर्स डिग्री या कार्मिक प्रबंधन और औद्योगिक संबंध / सामाजिक कार्य / समाज कल्याण में पीजी डिप्लोमा) को ई-2 ग्रेड में न्यूनतम वेतनमान के अतिरिक्त गेल में ज्वाइनिंग के समय संचयी आधार पर लागू दर (वर्तमान में @ 3%) पर दो अग्रिम वेतन वृद्धि प्रदान की जाएगी ।

5.4 अखिल भारतीय आधार पर ओपन विज्ञापन के माध्यम से ई- 2 ग्रेड में वरिष्ठ अधिकारी / वरिष्ठ इंजीनियर के पद के लिए चुने गए और ई-2 ग्रेड के वेतनमान में दिए गए न्यूनतम मूल वेतन वाले सभी अभ्यर्थी (यों) को पद योग्यता संबंधित 04 वर्ष या 04 वर्ष से अधिक का अनुभव होने पर (पद योग्यता संबंधित 01 वर्ष के अनुभव की न्यूनतम आवश्यकता के समक्ष) ई-2 के वेतनमान में न्यूनतम मूल वेतन के अतिरिक्त लागू दर (वर्तमान में @ 3%) पर संचयी आधार पर 02 अग्रिम वेतन वृद्धि प्रदान की जाएगी। पद योग्यता संबंधित अनुभव के वर्षों की संख्या की गणना के उद्देश्य से ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को कट-ऑफ तिथि के रूप में लिया जाएगा। अभ्यर्थी (यों) को उनके द्वारा लिए गए अंतिम वेतन की सुरक्षा के लिए तय किए गए मूल वेतन के अतिरिक्त संचयी आधार पर, उपर्युक्त विनिर्दिष्ट, लागू दर पर दो अग्रिम वृद्धि देने की सुरक्षा (बेसिक प्लस डीए) प्रदान की जाएगी । इसके अतिरिक्त चयन समिति की सिफारिश या अन्यथा प्रत्येक मामले की वरीयता पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा अग्रिम वेतन वृद्धि (यों) के रूप में उच्च मूल वेतन प्रदान किए गए अभ्यर्थी (यों) भी चयन समिति की की सिफारिश या अन्यथा प्रत्येक मामले की वरीयता आधार पर प्रस्तावित उच्च मूल वेतन के अतिरिक्त उपर्युक्त विनिर्दिष्ट, लागू दर (वर्तमान में @ 3% ) पर दो अग्रिम वेतन वृद्धि(यों) के लिए पात्र होंगे । शर्त यह है कि ऐसे मामलों में स्वीकृत की जाने वाली अग्रिम वेतन वृद्धियों की कुल संख्या 05 से अधिक नहीं होगी।

5.5 **वेतन और भत्ते:** ग्रेड में लागू मूल वेतन, लागू दरों पर परिवर्तनीय महंगाई भत्ता (वीडीए) और कैफेटेरिया दृष्टिकोण के पर्क्स और भत्ते।

5.6 **परिवर्तनीय वेतन:** लागू निति के अनुसार के आधार पर निष्पादन संबंधित वेतन।

5.7 **अन्य लाभ:** कंपनी के नियमों के अनुसार कंपनी आवास/ लीज आवास/ एचआरए, चिकित्सा सुविधा, समूह बीमा, हाउस बिल्डिंग एडवांस, कनवेयंस एडवांस आदि।

5.8 **अधिवर्षिता लाभ:** अपेक्षित नियम और शर्तों को पूरा करने के अधीन, कार्मिक अंशदायी भविष्य निधि, ग्रेच्युटी और निर्धारित अंशदान योजना के तहत पेंशन के लिए पात्र होंगे। इसके अलावा निर्धारित अंशदान योजना के तहत सेवानिवृत्ति पश्चात चिकित्सा लाभ उन कार्मिकों की दिए जाएंगे, जो न्यूनतम 15 वर्ष की निरंतर सेवा प्रदान करने के बाद गेल से अधिवर्षिता प्राप्त करते हैं ।

5.9 उपर्युक्त सभी लाभ कंपनी की वर्तमान और समय-समय पर संशोधित नीति के अनुसार अधिशासित होंगे।

## 6. <u>तैनाती/ कार्य</u>

चयनित उम्मीदवारों को गेल (इंडिया) लिमिटेड या गेल (इंडिया) लिमिटेड की किसी भी सहायक कंपनी/ संयुक्त उद्यम के किसी भी प्रतिष्ठान/ परियोजनाओं/ कार्यालयों, आदि या भारत सरकार/ अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, आदि के किसी भी विभाग में तैनात किया जा सकता है। चयनित उम्मीदवारों को कंपनी की व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुसार विनिर्दिष्ट जॉब/ कार्य सौंपे जा सकते हैं।

## 7. <u>आवेदन शुल्क</u>

7.1 ऑनलाइन आवेदन भरते समय **अनारक्षित, ईड्ब्ल्यूएस एवं ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी** के अभ्यर्थियों को गैर-वापसी योग्य आवेदन शुल्क रू.200/- (रूपए दो सौ मात्र) (लागू सुविधा शुल्क और करों को छोड़कर) का भुगतान करना होगा । हालांकि, अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन के समय केंद्र सरकार के प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए प्रमाण पत्र की सही प्रति प्रस्तुत करने के अधीन आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है।

7.2 आवेदन शुल्क भुगतान लिंक को आवेदन पृष्ठ में विविध टैब ("अनुभव विवरण" टैब के निकट) के तहत होस्ट किया गया है। आवेदकों को "कृपया भुगतान के लिए लिंक पर क्लिक करें" लिंक पर क्लिक करना होगा और भुगतान पृष्ठ पर आगे बढ़ना होगा।

7.3 आवेदन शुल्क का भुगतान करने के लिए आवेदकों को अपने पसंदीदा भुगतान मोड जैसे क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग, पेटीएम, वॉलेट और यूपीआई आदि का चयन करना होगा। लागू सुविधा शुल्क और कर, यदि आवेदन शुल्क से बढ़कर हो तो आवेदक द्वारा वहन किया जाएगा।

7.4 सफल लेन-देन के बाद, आवेदकों को आवेदन के अंतिम सबमिशन के लिए आगे जारी रखने के लिए गेल के करियर होम पेज/विविध पेज पर रीडायरेक्ट किया जाएगा। लेन-देन की तारीख, रसीद संख्या, राशि और भुगतान की स्थिति प्रत्येक सफल लेनदेन के लिए भुगतान शीर्ष के तहत स्वत: भर जाएगी। आवेदक भविष्य के लिये संदर्भ हेतु भुगतान विवरण नोट कर सकते हैं।

7.5 लेन-देन विफल होने के मामले में, आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे विविध टैब में होस्ट किए गए लिंक "कृपया भुगतान के लिए लिंक पर क्लिक करें" पर क्लिक करके पुनः प्रयास करें। आवेदकों को "आवेदन जमा न करने" से बचने के लिए आवेदन विंडो बंद होने से पहले लेन-देन (आवेदन शुल्क का भुगतान) पूरा करने की सलाह दी जाती है।

7.6 भुगतान संबंधी समस्या (अर्थात लेन-देन की विफलता) की स्थिति में आवेदकों को सलाह दी जाती है कि इस संदर्भ में वे सीधे अपने बैंक/सेवा प्रदाता से सम्पर्क करें ।

7.7 लेन-देन संबंधी समस्या के कारण विज्ञापन के अनुसार अधिसूचित तिथि और समय के भीतर आवेदन जमा नहीं करने के लिए गेल (इंडिया) लिमिटेड जिम्मेदार नहीं होगा।

8. **<u>आवेदन कैसे करें</u>**

8.1 **उम्मीदवारों को गेल की वेबसाइट www.gailonline.com के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा।** आवेदन का कोई अन्य साधन/ मोड स्वीकार नहीं किया जाएगा। वेबसाइट **04.01.2023 को 1100 बजे** से **02.02.2023 को 1800 बजे** तक खुली रहेगी।

8.2 ऑनलाइन पंजीकरण/ आवेदन करने से पहले, उम्मीदवारों को आवेदन प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत निर्देशों को पढ़ने की सलाह दी जाती है। ऑनलाइन आवेदन करते समय उम्मीदवार के पास निम्नलिखित सूचना होनी चाहिए:

(i) वैध ई-मेल पता और मोबाइल नं.

(ii) उम्मीदवार द्वारा पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटोग्राफ (3.5X4.5 सें.मी.) की स्कैन की गई कॉपी । 250 KB तक .PNG/ .JPG/ .JPEG फार्मेट में होना चाहिए ।

8.3 उम्मीदवारों के पास एक वैध व्यक्तिगत ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर होना चाहिए। इसे पूरी भर्ती प्रक्रिया के दौरान सक्रिय रखा जाना चाहिए। पंजीकरण संख्या, पासवर्ड, और अन्य सभी महत्वपूर्ण संचार एक ही पंजीकृत ई-मेल आईडी पर भेजे जाएंगे (कृपया सुनिश्चित करें कि इस मेलबॉक्स पर भेजा गया ईमेल आपके जंक/स्पैम फ़ोल्डर पर पुनर्निर्देशित नहीं किया गया है) ।

8.4 उम्मीदवारों को ऑन-लाइन आवेदन भरते समय सही विवरण प्रस्तुत करने के लिए अत्यंत सावधानी बरतनी चाहिए। सबमिट करने से पहले आप जानकारी संपादित कर सकते हैं। एक बार फॉर्म सबमिट हो जाने के बाद, इसे संपादित नहीं किया जा सकता है।

8.5 आवेदन पत्र जमा करने की चरण दर चरण प्रक्रिया नीचे दी गई है:

- चरण- I: व्यक्तिगत विवरण, संपर्क विवरण का उपयोग करके पंजीकरण। यूजर आईडी और पासवर्ड आपको पंजीकृत ई-मेल आईडी पर भेजा जाएगा।
- चरण- II: क्रेडेंशियल्स का उपयोग करके लॉगिन करें।
- चरण- III: विज्ञापन संख्या और फिर उस पद का चयन करें जिसके लिए आप आवेदन कर रहे हैं।
- चरण- IV: आवेदन पत्र को पूरा करें (व्यक्तिगत विवरण, योग्यता और अनुभव विवरण)।
- चरण-V: भुगतान करें (यदि लागू हो)
- चरण-VI: उपलब्ध "अंतिम पूर्वावलोकन" विकल्प का उपयोग करके अपने दर्ज किए गए विवरणों की जांच करें।
- चरण-VII: सभी सूचनाओं को सत्यापित करने के बाद फॉर्म जमा करें।

8.6 ऑनलाइन आवेदन जमा करने के बाद, उम्मीदवार को आवेदन पत्र की प्रति यूनिक आवेदन अनुक्रम संख्या के साथ संभाल कर रखनी होगी। आवेदन जमा करने के बाद इसे साइट से डाउनलोड किया जा सकता है। कृपया इस भर्ती प्रक्रिया हेतु भावी संदर्भ के लिए इस फॉर्म को अपने पास रखें।

8.7 **उम्मीदवारों को इस चरण में गेल को आवेदन-पत्र की हार्ड कॉपी जमा करने की आवश्यकता नहीं है।**

8.8 यदि उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया के लिए बुलाया जाता है, तो उसे दस्तावेज़ सत्यापन प्रक्रिया के समय डाउनलोड किए गए आवेदन पत्र को स्व-अभिप्रमाणित सभी मूल दस्तावेजों के साथ [नीचे दिए गए क्रम में] एक साथ सभी दस्तावेजों की फोटो कॉपी के एक अलग सेट के साथ (उसी क्रम में) लाना होगा, अन्यथा उसे चयन प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी :

(i) आवेदन-पत्र पर हस्ताक्षर के साथ हाल के पासपोर्ट आकार की 02 तस्वीर (ऑनलाइन आवेदन पत्र पर अपलोड की गई तस्वीर के समान) के साथ ऑनलाइन आवेदन-पत्र का प्रिंट आउट।

(ii) जन्म-तिथि प्रमाण के समर्थन में दस्तावेज - मैट्रिक/ कक्षा-X प्रमाण-पत्र/ अंक-तालिका।

(iii) भारत सरकार द्वारा निर्धारित अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी किया गया जाति/ जनजाति प्रमाण-पत्र [लागू अनुसार अ.जा./अ.ज.जा./ ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए], सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र [पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के उम्मीदवारों के मामले में] और भूतपूर्व सैनिक का प्रमाण (भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों के मामले में)। ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर) श्रेणी के उम्मीदवारों को नवीनतम जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है।

(iv) अर्हता के संबंध में सभी प्रमाण-पत्र/ प्रशंसापत्र (मैट्रिक के बाद से शुरू होने वाले सभी सेमेस्टर/ वर्ष-वार अंक-तालिका, डिग्री और डिप्लोमा प्रमाण-पत्र) यदि डिग्री सीजीपीए/ ओजीपीए या लेटर ग्रेड में प्रदान की गई है तो प्राप्त अंकों का समकक्ष प्रतिशत दर्शाते हुए संस्थान/ विश्वविद्यालय से दस्तावेजी प्रमाण/ प्रमाण-पत्र (विश्वविद्यालय/ संस्थान द्वारा अपनाए गए मानदण्डों के अनुसार)।

(v) ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में उम्मीदवार द्वारा उल्लिखित अनुभव विवरण के समर्थन में नियोक्ता द्वारा जारी किया गया पूर्ण और उचित अनुभव प्रमाण-पत्र/ दस्तावेज।

अनुभव के लिए केवल निम्नलिखित प्रकार के दस्तावेजी प्रमाणों पर ही विचार किया जाएगा:

**I. <u>पिछले रोजगार के लिए:</u>**

- संगठन के सक्षम और अधिकृत कार्यकारी द्वारा जारी अनुभव पत्र/सेवा प्रमाण पत्र जिसमें संबंधित कर्मचारी द्वारा संगठन से कार्यमुक्त करने की तिथि सहित नाम, पदनाम, शामिल होने की तिथि और संगठन में भूमिकाओं और जिम्मेदारियों का स्पष्ट रूप से उल्लेख करने वाला कोई भी दस्तावेज हो तथा
- निम्नलिखित दस्तावेजों में से कोई दो:

  अ. अंतिम वेतन पर्ची / वेतन पर्ची

  आ. वार्षिक वेतन वृद्धि पत्र

  इ. पदोन्नति आदेश/स्थानांतरण आदेश

  ई. पीएफ स्टेटमेंट स्पष्ट रूप से नियोक्ता विवरण का उल्लेख करता है

  उ. प्रस्ताव पत्र/नियुक्ति पत्र में स्पष्ट रूप से रोजगार के नियमों और शर्तों के साथ संगठन में शामिल होने की तिथि का उल्लेख किया गया है

**II. <u>वर्तमान रोजगार के लिए:</u>**

- प्रस्ताव पत्र/नियुक्ति पत्र स्पष्ट रूप से नवीनतम वेतन पर्ची/वेतन पर्ची के साथ रोजगार के नियमों और शर्तों के साथ संगठन में शामिल होने की तिथि का उल्लेख करते हुए और संगठन में भूमिकाओं और जिम्मेदारियों का स्पष्ट रूप से उल्लेख करने वाला कोई भी दस्तावेज तथा
- निम्नलिखित दस्तावेजों में से कोई दो:

अ. वर्तमान नियोक्ता द्वारा जारी किया गया पहचान-पत्र

आ. वार्षिक वेतन-वृद्धि पत्र

इ. पदोन्नति आदेश/ स्थानांतरण आदेश।

ई. पीएफ स्टेटमेंट स्पष्ट रूप से नियोक्ता विवरण का उल्लेख करता है

उ. अनुभव पत्र पत्र में स्पष्ट रूप से रोजगार के नियमों और शर्तों के साथ संगठन में शामिल होने की तिथि का उल्लेख किया गया है

III. **निजी क्षेत्र के बड़े संगठन/संस्था/प्रतिष्ठित कंपनी के समर्थन में दस्तावेज़:**

- एनएसई पर संगठन/कंपनी/संस्थान की लिस्टिंग या रोजगार के प्रासंगिक वित्तीय वर्ष में बीएसई के समूह ए या बी पर लिस्टिंग के लिए दस्तावेजी प्रमाण अथवा
- उस संगठन में रोजगार के प्रासंगिक वित्तीय वर्ष में 500 से अधिक कर्मचारी होने का प्रमाण (दस्तावेज जो स्वीकार किए जा सकते हैं)
  - ➢ प्रासंगिक वर्ष की लेखा परीक्षित / प्रकाशित वार्षिक रिपोर्ट अथवा
  - ➢ प्रासंगिक वर्ष के लिए 500 से अधिक की कर्मचारी शक्ति की घोषणा करने वाले मानव संसाधन विभाग से प्रमाण पत्र अथवा
  - ➢ प्रासंगिक वर्ष के लिए कंपनी की वेबसाइट पर घोषणा अथवा
- रोजगार के संबंधित वित्तीय वर्ष(र्षों) में 250 करोड़ रुपये से अधिक का वार्षिक कारोबार होने का प्रमाण (दस्तावेज जो स्वीकार किए जा सकते हैं)।
  - ➢ संबंधित वित्तीय वर्ष के टर्नओवर का स्पष्ट रूप से उल्लेख करते हुए प्रकाशित/लेखा परिक्षित वार्षिक रिपोर्ट अथवा
  - ➢ प्रासंगिक वित्तीय वर्ष का प्रकाशित/ लेखा परिक्षित लाभ और हानि विवरण अथवा
  - ➢ प्रासंगिक वित्तीय वर्ष के लिए टर्नओवर का उल्लेख करते हुए निगमित मामलों के मंत्रालय (एमसीए) की रिपोर्ट अथवा
  - ➢ संगठन द्वारा अपने लेटर हेड पर जारी प्रासंगिक वित्तीय वर्ष के लिए टर्नओवर प्रमाण पत्र।

उपरोक्त खंड 8.8 (v) के अंतर्गत उल्लिखित उपरोक्त दस्तावेजों की अनुपस्थिति की स्थिति में, ऐसे उम्मीदवारों की उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी।

उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता होगी कि मानव संसाधन या किसी अन्य सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए बड़े निजी क्षेत्र या प्रतिष्ठित कंपनी के संबंध में अनुभव पत्र / प्रमाण पत्र जिसमें हस्ताक्षर करने वाले प्राधिकारी के नाम और पदनाम स्पष्ट रूप से उल्लेख के साथ विधिवत हस्ताक्षरित हो।

(vi) यदि उम्मीदवार केंद्र/ राज्य सरकार के विभाग, केंद्र/ राज्य पीएसयू या अर्ध-सरकारी संगठन में नियोजित है तो वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण-पत्र/ अग्रेषण-पत्र।

(vii) वैध आईडी प्रमाण: पैन कार्ड/ वोटर आईडी/ आधार कार्ड/ ड्राइविंग लाइसेंस आदि।

(viii) उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे दस्तावेज़ सत्यापन के स्थान पर ऊपर बताए अनुसार सभी दस्तावेज़ लेकर आएं। यदि उम्मीदवार ऊपर उल्लिखित किसी भी आवश्यक दस्तावेज को प्रस्तुत करने में विफल रहता है तो ऐसे उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

(ix) प्रस्तुत किए गए दस्तावेज/उम्मीदवार की पात्रता के संबंध में किसी भी संदेह/स्पष्टीकरण के मामले में, गेल के पास यह अधिकार सुरक्षित है कि वह अतिरिक्त दस्तावेजों को प्रस्तुत करने हेतु आदेश कर सकता है, जिसे उम्मीदवार को प्रस्तुत करने की आवश्यकता होगी। प्रस्तुत करने में विफल रहने पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

8.9 फोटो की **तीन** प्रतियां (ऑनलाइन आवेदन-पत्र पर अपलोड की गई तस्वीर के समान) भविष्य के उपयोग के लिए रखी जानी चाहिए। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि भर्ती प्रक्रिया पूरी होने तक वे अपना स्वरूप न बदलें।

8.10 पद के लिए आवेदन करने से पहले, उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह इस विज्ञापन में दिए गए पात्रता मानदंड और अन्य शर्तों को पूरा करता है। यदि उम्मीदवार संबंधित पद, जिसके लिए उसने आवेदन किया है, के लिए अयोग्य पाया जाता है तो गेल भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर किसी भी आवेदन को अस्वीकार करने के लिए स्वतंत्र होगा। ऐसे अयोग्य उम्मीदवारों द्वारा भुगतान किए गए आवेदन शुल्क को जब्त कर लिया जाएगा। इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

8.11 प्रश्न, यदि कोई हों, केवल विषय पंक्ति प्रश्न- GAIL/OPEN/MISC/1/2023 कर के **career@gail.co.in** पर संबोधित करें। आवेदक कृपया ध्यान दें कि केवल ऐसे प्रश्नों का उत्तर दिया जाएगा जो उपरोक्त उल्लिखित विषय पंक्ति वाले हैं, इस विज्ञापन के लिए प्रासंगिक हैं और उपर्युक्त विज्ञापन में नहीं दिया गया है।

## 9. स्वास्थ्य/ चिकित्सा योग्यता

**9.1** उपर्युक्त पदों के लिए नियुक्ति कंपनी द्वारा पद के लिए निर्धारित मानकों के अनुसार अभ्यर्थी के चिकित्सकीय रूप से योग्य पाए जाने के अध्यधीन होगी। कंपनी में किसी पद पर नियुक्त होने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को केंद्रीय/ राज्य सरकार के अस्पताल (न्यूनतम जिला स्तरीय अस्पताल) या गेल नामित पैनलबद्ध अस्पतालों में अपना रोजगार-पूर्व चिकित्सा जांच करवानी होगी, और उन्हें चिकित्सा प्राधिकारी अर्थात् अध्यक्ष चिकित्सा बोर्ड या सिविल सर्जन या मेडिकल सुपरिंटेंडेंट या मुख्य चिकित्सा अधिकारी या किसी केंद्रीय/ राज्य सरकार के अस्पताल के समकक्ष (न्यूनतम जिला स्तरीय अस्पताल) या गेल द्वारा नामित अस्पताल द्वारा जारी निर्धारित प्रारूपों में मेडिकल रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। कार्यभार ग्रहण करने की स्वीकृति चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा चिकित्सा योग्यता प्रमाण-पत्र जारी करने और सीएमओ, गेल (इंडिया) लिमिटेड द्वारा उसे स्वीकार किए जाने के अध्यधीन होगी। गेल को बिना कोई कारण बताए अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत मेडिकल जांच रिपोर्ट की पुन: जांच या समीक्षा करने का अधिकार होगा और गेल द्वारा विनिर्दिष्ट सीएमओ का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

**9.2** अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करने की सलाह दी जाती है कि वे गेल के पूर्व-रोजगार चिकित्सा मानक के अनुसार चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ हैं। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे गेल करियर वेबसाइट (https://gailonline.com/CR-current_SC_form_medical.html) पर उपलब्ध चिकित्सा स्वस्थता और पूर्व-रोजगार चिकित्सा परीक्षा के लिए चिकित्सा मानकों/मानदंडों पर विस्तृत दिशा-निर्देश देखें।

**10. चयन प्रक्रिया**

**10.1** समस्त पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले अभ्यर्थियों (ऑनलाइन आवेदन में प्रस्तुत आवेदन के आधार पर) पर ही आगे की चयन प्रक्रिया के लिए विचार किया जाएगा। समस्त मानदंडों को पूरा करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या के आधार पर, अभ्यर्थियों को एकल चरणीय/ बहु चरणीय चयन प्रक्रिया से गुजरना होगा। आवेदनों की संख्या अधिक होने की स्थिति में, गेल न्यूनतम पात्रता मानकों को उपयुक्त रूप से वृद्धि कर उचित संख्या में चयन प्रक्रिया के लिए बुलाए जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या को सीमित करने के लिए गेल शॉर्टलिस्टिंग मानदंड को अपनाएगा।

**10.2** अभ्यर्थियों द्वारा प्रदान किए गए विवरण के आधार पर शॉर्टलिस्टिन्ग और चयन होगा, अत: यह आवश्यक है कि आवेदकों द्वारा सटीक, पूर्ण और सही जानकारी दी जाए। गलत / असत्य जानकारी प्रस्तुत करने को अयोग्यता माना जाएगा और ऐसी गलत / असत्य जानकारी प्रस्तुत करने के किसी भी परिणाम के लिए गेल जिम्मेदार नहीं होगा ।

**10.3** चूंकि ऑनलाइन आवेदन-पत्र में अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत किए गए डाटा के आधार पर सभी आवेदनों की जांच की जाएगी, इसलिए अभ्यर्थियों को जिस पद के लिए वे आवेदन कर रहे हैं, की उपयुक्तता से स्वयं को संतुष्ट करना होगा। यदि भर्ती और चयन प्रक्रिया के दौरान किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि अभ्यर्थियों ने गलत या असत्य जानकारी दी है, तो उनकी अभ्यर्थता रद्द कर दी जाएगी। भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण के दौरान किसी भी रूप में पैरवी करने से अभ्यर्थता रद्द कर दी जाएगी।

**10.4** ऑनलाइन फॉर्म में दिए गए सभी विवरणों को अंतिम माना जाएगा और उसमें कोई बदलाव करने पर विचार नहीं किया जाएगा।

**10.5** कृपया ध्यान दें कि काल्पनिक छद्म नाम/ ई-मेल आईडी के द्वारा ऑनलाइन आवेदन जमा करना सख्त वर्जित है। ऐसे तरीकों को अपनाने वाला कोई भी अभ्यर्थी आईटी अधिनियम 2000 के प्रावधानों के तहत उपयुक्त कार्रवाई के लिए उत्तरदायी होगा।

**10.6** चयन प्रक्रिया में चयन समिति के समक्ष समूह चर्चा और / या साक्षात्कार शामिल होगा।

- वरिष्ठ अधिकारी (एफ एंड एस) के पद के लिए : चयन प्रक्रिया में चयन समिति के समक्ष शारीरिक सहनशक्ति परीक्षण (पीईटी) और साक्षात्कार शामिल होगा।
- अधिकारी (सुरक्षा) के पद के लिए : चयन प्रक्रिया में चयन समिति के समक्ष शारीरिक सहनशक्ति परीक्षण (पीईटी) और साक्षात्कार शामिल होगा। पीडब्ल्यूडी, यदि कोई हो, को पीईटी से छूट दी जाएगी।

**10.7** ऊपर बताई गई चयन प्रक्रिया संभावित है। हालाँकि, चयन प्रक्रिया कंपनी की प्रशासनिक/व्यावसायिक आवश्यकताओं के आधार पर भिन्न हो सकती है।

**11. <u>अन्य निबंधन एवं शर्तें तथा सामान्य निर्देश</u>**

**11.1** 18 वर्ष की आयु से अधिक के केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र हैं।

**11.2** अभ्यर्थी कृपया यह सुनिश्चित करें कि वे इस विज्ञापन के सभी पात्रता मानदंडों और अन्य शर्तों को पूरा करते हैं और उनके द्वारा ऑन-लाइन आवेदन में प्रस्तुत विवरण और तत्पश्चात उनके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज (ऊपर उल्लिखित खंड 8.8 के अनुसार) सभी तरह से सही हैं। **चयन प्रक्रिया में प्रवेश का अर्थ यह नहीं है कि कंपनी (गेल) अभ्यर्थी की पात्रता के बारे में संतुष्ट है। यदि भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पता लगता है कि कोई अभ्यर्थी पात्रता मानदंडों में से किसी मानदंड को पूरा नहीं करता है, और/ या उसने कोई गलत जानकारी दी है या किसी भी तथ्य या सामग्री को छिपाया है, तो उसकी अभ्यर्थता रद्द कर दी जाएगी। यदि नियुक्ति के बाद भी इनमें से किसी भी कमी का पता लगता है, तो उसकी सेवाओं को तत्काल समाप्त कर दिया जाएगा।**

**11.3** **ऑनलाइन पंजीकरण के समय अभ्यर्थी द्वारा दर्ज किया गया विवरण अंतिम और बाध्यकारी है। आवेदन करते समय अभ्यर्थियों को अपना नाम, जैसा कि एसएससी / मैट्रिकुलेशन प्रमाणपत्र में उल्लिखित है, के अनुसार दर्ज करना चाहिए ।** इसके अलावा, ऑनलाइन आवेदन में घोषित डाक पते / ईमेल आईडी / श्रेणी / पदों के परिवर्तन के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

**11.4** **अभ्यर्थियों के पास एक वैध ईमेल आईडी होनी चाहिए।** अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे कम से कम एक वर्ष के लिए ईमेल आईडी (ऑनलाइन आवेदन पत्र में अनिवार्य रूप से दर्ज किए जाने के लिए) को सक्रिय रखें। ईमेल आईडी एक बार दर्ज करने के बाद उसमें कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। **अभ्यर्थियों के साथ सभी पत्राचार केवल ई-मेल के माध्यम से किया जाएगा।** चयन प्रक्रिया में भाग लेने के बारे में सभी सूचना/ जानकारी ऑनलाइन आवेदन डाटा और दस्तावेजों के आधार पर स्पष्ट रूप से पात्र पाए गए अभ्यर्थियोंको ई-मेल के माध्यम से प्रदान की जाएगी। सूचना/ जानकारी आदि को प्राप्त करने और डाउनलोड करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। गेल अभ्यर्थी द्वारा प्रदान की गई अमान्य/ गलत ई-मेल आईडी के कारण भेजे गए ई-मेल के किसी भी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा और इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

**11.5** केवल चयनित सूचीबद्ध अभ्यर्थी, जो ऑनलाइन आवेदन डाटा के आधार पर स्पष्ट रूप से पात्र पाए जाते हैं, को ही चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए बुलाया जाएगा। यदि आवेदक को इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से **120 दिनों** के भीतर कोई सूचना प्राप्त नहीं होती है, तो यह माना जा सकता है कि वह चयन प्रक्रिया के लिए सूचीबद्ध नहीं है।

**11.6** ऑनलाइन आवेदन-पत्र में एक बार श्रेणी [**अ.जा./ अ.ज.जा./ ओबीसी (एनसीएल) / ईडब्ल्यूएस/ पीडब्ल्यूडी**] भरने के बाद बदली नहीं जाएगी और बाद में अन्य श्रेणी का कोई लाभ स्वीकार्य नहीं होगा।

**11.7** **"क्रीमी लेयर"** के ओबीसी अभ्यर्थी, ओबीसी रियायत के हकदार नहीं हैं और ऐसे अभ्यर्थियोंको अपनी श्रेणी को "सामान्य" के रूप में दर्शाना होगा।

**11.8** सरकार के निर्देशों के अनुसार अ.जा./ अ.ज.जा./ ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर)/ पीडब्ल्यूबीडी (दिव्यांगता की मात्रा 40% या उससे अधिक हो) / भूतपूर्व सैनिक के लिए छूट/ आरक्षण लागू है।

**11.9** **<u>आरक्षण के लिए दिव्यांगता की मात्रा</u>**

केवल ऐसे पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थी आरक्षण/ रियायतों के विद्यमान लाभ पाने के पात्र होंगे जिनकी प्रासंगिक

दिव्यांगता 40% से कम न हो। **पीडब्ल्यूबीडी** के लिए लागू आरक्षण/ रियायतों का लाभ लेने के लिए, अभ्यर्थियों को उनके दावे के समर्थन में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की दिनांक 15.06.2017 की अधिसूचना सं. जी.एस.आर. 591 (इ) द्वारा निर्धारित प्रारूप में दिव्यांगता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। यदि अभ्यर्थी सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए निर्धारित प्रारूप में प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने में असफल रहता है, तो उसकी अभ्यर्थता पर विचार नहीं किया जाएगा।

**11.10** **अ.जा./ अ.ज.जा.** श्रेणी के अभ्यर्थियों को अपने दावे के समर्थन में भारत सरकार द्वारा निर्धारित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए निर्धारित प्रारूप में अपना जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। यदि अभ्यर्थी भारत सरकार द्वारा निर्धारित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए निर्धारित प्रारूप में प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने में असफल रहता है, तो उसकी अभ्यर्थता पर विचार नहीं किया जाएगा।

**11.11** **ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर)** श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थियों को अपने दावे के समर्थन में भारत सरकार द्वारा निर्धारित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए निर्धारित प्रारूप में अपना नवीनतम जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। अन्य पिछड़ा वर्ग की केंद्रीय सूची में ओबीसी (एनसीएल) प्रमाण-पत्र में इंगित जाति और समुदाय का नाम प्रदर्शित होना चाहिए। यदि भारत सरकार द्वारा निर्धारित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए निर्धारित प्रारूप में अभ्यर्थी अपना नवीनतम जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने में असफल रहता है, तो उसकी अभ्यर्थता पर विचार नहीं किया जाएगा। इसके अलावा, यदि ओबीसी (एनसीएल) अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया जाता है तो उन्हें यह उल्लेख करते हुए एक वचन-पत्र देना होगा कि वे चयन प्रक्रिया में भाग लेने के समय ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी से संबंधित हैं।

**11.12** **ईडब्ल्यूएस श्रेणी** के अंतर्गत आरक्षण वाले अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी एक आय और संपत्ति प्रमाणपत्र, प्रस्तुत करना होगा। निर्धारित प्रारूप और सक्षम प्राधिकारी का विवरण कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के ज्ञापन सं.36039/1/2019-एस्ट. (आरईएस) दिनांक 31.01.2019 में दिया गया है। सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र गेल में ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि पर मान्य होना चाहिए ।

**11.13** सशस्त्र बलों से ऐसे अभ्यर्थी, जो सशस्त्र बलों से मुक्त/सेवानिवृत्त/डिस्चार्ज हो चुके हैं और एक भूतपूर्व सैनिक के रूप में अर्हता प्राप्त कर चुके हैं, उन्हें एक विधिवत रूप से **{भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के तहत सिविल पदों के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों द्वारा दिए जाने वाले अंडरटेकिंग फॉर्म}** हस्ताक्षरित अंडरटेकिंग जिसमें यह उल्लेख हो कि उन्होंने दस्तावेज़ सत्यापन के समय अपने आवेदन के साथ इस नियुक्ति से पहले नागरिक पक्ष में कोई नियुक्ति प्राप्त नहीं की है, जमा करना आवश्यक है।

**11.14** **ओबीसी (एनसीएल)/ अ.जा./अ.ज.जा./ ईडब्ल्यूएस/ पीडब्ल्यूडी/ईएसएम प्रमाण-पत्र के लिए** निर्धारित प्रारूप डाउनलोड करने हेतु कृपया गेल करियर लिंक (https://gailonline.com/CRcurrentSCformdownload.html) के करियर खंड पर उपलब्ध **"अ.जा./अ.ज.जा./ ओबीसी (एनसीएल)/ईडब्ल्यूएस/ पीडब्ल्यूडी प्रमाण-पत्र"** संबंधी प्रासंगिक लिंक पर क्लिक करें।

**11.15** अभ्यर्थी जो स्थानीय रोजगार कार्यालय (यों) के साथ पंजीकृत हैं और निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं, जिनके नाम इस अधिसूचना के संबंध में गेल (इंडिया) लिमिटेड को प्रायोजित हैं, उन्हें गेल के भर्ती पोर्टल

पर ऑनलाइन आवेदन करने की सलाह दी जाती है। इस संबंध में आवेदन के किसी अन्य तरीके पर विचार नहीं किया जाएगा।

**11.16** वर्तमान में केंद्र/ राज्य सरकार के विभाग, केंद्रीय / राज्य पीएसयू या अर्ध-सरकारी संगठन में कार्यरत अभ्यर्थी अपने आवेदन को **उचित माध्यम से** अग्रेषित करेंगे या चयन प्रक्रिया के समय अपने वर्तमान नियोक्ता से **एनओसी** प्रस्तुत करेंगे। यदि अभ्यर्थी का आवेदन उचित माध्यम से अग्रेषित नहीं किया जाता है या अभ्यर्थी चयन प्रक्रिया के समय अपने वर्तमान नियोक्ता से **एनओसी** प्रस्तुत करने में विफल रहता है, तो उसकी अभ्यर्थता पर विचार नहीं किया जाएगा।

**11.17** यदि अभ्यर्थी द्वारा प्रदान की गई कोई भी सूचना गलत पाई जाती है या विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंडों के अनुरूप नहीं पाई जाती है तो पंजीकृत अभ्यर्थी की अभ्यर्थता भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर या भर्ती के बाद या कार्यभार ग्रहण करने के बाद रद्द कर दी जाएगी।

**11.18** गेल को न्यूनतम पात्रता मानकों को बढ़ाने का अधिकार है। गेल को कोई नोटिस दिए बिना या कोई कारण, जो कोई भी हों, बताए बिना भर्ती/ चयन प्रक्रिया में उपर्युक्त सभी पदों या किसी भी पद को भरने या न भरने या रद्द करने/ प्रतिबंधित करने/ बढ़ाने/ संशोधित करने/ परिवर्तन करने का अधिकार है।

**11.19** निर्धारित योग्यता/ अनुभव न्यूनतम है और केवल उन्हें धारण करने मात्र से किसी अभ्यर्थी को चयन प्रक्रिया में भाग लेने का हक नहीं मिल जाता। इस संबंध में गेल का निर्णय अंतिम होगा।

**11.20** उपरोक्त पदों पर नियुक्ति के लिए चयनित उम्मीदवारों की सूची उम्मीदवारों की जानकारी के लिए गेल की वेबसाइट (https://gailonline.com/CRShortlist.html) पर यथा समय प्रदर्शित की जाएगी । अभ्यर्थियों को नवीनतम अपडेट के लिए गेल की वेबसाइट (https://gailonline.com/CRApplyingGail.html) को देखते रहने की सलाह दी जाती है।

**11.21** उपर्युक्त विज्ञापन में किसी भी संशोधन, स्पष्टीकरण, परिशिष्ट, शुद्धिपत्र, समय विस्तार, आदि को केवल गेल की वेबसाइट www.gailonline.com के **"करियर"** खंड में अपलोड किया जाएगा और प्रेस में अलग से कोई अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे खुद को अपडेट रखने के लिए नियमित रूप से वेबसाइट देखते रहें।

**11.22** आवेदक द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पैरवी किए जाने से उसकी अभ्यर्थता अयोग्य घोषित कर दी जाएगी। इस विज्ञापन के खिलाफ भर्ती के संबंध में उत्पन्न किसी भी विवाद को केवल **दिल्ली न्यायालय** के क्षेत्राधिकार में ही निपटाया जाएगा।

## 12. <u>महत्वपूर्ण तिथियां</u>

| क्र.स. | गतिविधि | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन का ऑन-लाइन पंजीकरण शुरू करने की तिथि | **दिनांक 04.01.2023 (11.00 बजे से)** |
| 2 | अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन का ऑन-लाइन पंजीकरण करने की अंतिम तिथि | **दिनांक 02.02.2023 (18.00 बजे तक)** |

13. <u>महत्वपूर्ण अनुदेश</u>

**13.1** ऑनलाइन आवेदन केवल आवेदन शुल्क प्राप्त होने पर (लागू अनुसार) और स्व-अभिप्रमाणित फोटोग्राफ अपलोड करने पर ही प्रस्तुत किया गया माना जाएगा।

**13.2** अभ्यर्थियों को पंजीकरण प्रक्रिया को पूरा करने के लिए अपने स्वयं के हित में सलाह दी जाती है कि वे आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करें (लागू अनुसार) और ऑनलाइन आवेदन को उसके जमा करने की अंतिम तिथि से पहले अग्रिम रूप से जमा करें ताकि इंटरनेट पर हैवी लोड या वेबसाइट जाम के कारण वेबसाइट पर लॉग इन करने के दौरान डिसकनेक्शन/ अक्षमता/ विफलता की संभावना से बचा जा सके।

**13.3** हम एतद्द्वारा आम जनता को सतर्क करते हैं कि वे संदिग्ध एजेंसियों/ संगठनों/ व्यक्तियों/ लोगों के बहकावे में न आएं जिनका उद्देश्य मासूम लोगों से पैसा हड़पना होता है। ई-मेल, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से परिचालित गेल (इंडिया) लिमिटेड के किसी भी विज्ञापन/ नौकरी की घोषणा पर विश्वास न करें। कृपया गेल (इंडिया) लिमिटेड से संबंधित किसी भी नौकरी/ कैरियर संबंधी जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.gailonline.com पर अपलोड की गई जानकारी पर ही भरोसा करें।

**इस विज्ञापन के हिन्दी रुपांतरण में निहित किसी भी शर्त की किसी व्याख्या के संबंध में कोई संदेह/ अस्पष्टता/ त्रुटि होने की स्थिति में विज्ञापन का अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा ।**

**<u>विज्ञापन सं.: गेल/ओपन/मिस./1/2023</u>**